# ई-रिक्शा के लिए कलर कोड तय, शहर को 4 जोन में बांटा

- हर जोन का होगा अलग कलर, छत के रंग से होगी पहचान
- 10 दिन में पंजीयन कराना अनिवार्य

**तय सीमा के बाद बिना पंजीयन ई-रिक्शा चलाने पर होगी कार्रवाई**

निर्धारित समय सीमा के बाद बिना पंजीयन संचालित ई-रिक्शा के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. साथ ही सुरक्षा और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए सभी ई-रिक्शा को पीछे की ओर से खुला रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अंदर की गतिविधियां स्पष्ट रूप से दिखाई दे सकें. बैठक में मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य शरद नाईक, बैटरी ई-रिक्शा संघ के अध्यक्ष राजेश बिडकर सहित ई-रिक्शा प्रतिनिधि और मीडिया के सदस्य मौजूद थे. सभी ने यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस को सहयोग देने का आश्वासन दिया.

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने ई-रिक्शा संचालन को लेकर नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है. इसके तहत पूरे शहर को चार सेक्टर में बांटा जाएगा और प्रत्येक सेक्टर के ई-रिक्शा की पहचान अलग-अलग रंग के छत से की जाएगी. निर्धारित समय में पंजीयन नहीं कराने वाले ई-रिक्शा के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

सोमवार को पलासिया स्थित डीसीपी ट्रैफिक कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस उपायुक्त (प्रभारी यातायात) राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शहर में बढ़ते ई-रिक्शा संचालन को नियंत्रित और व्यवस्थित करने के लिए यह व्यवस्था लागू की जा रही है. इसके तहत शहर को यातायात के चार जोन के आधार पर चार सेक्टर में विभाजित किया है. प्रत्येक जोन के ई-रिक्शा की पहचान के लिए अलग-अलग रंग तय किए हैं. जोन-1 के ई-रिक्शा की छत नीली, जोन-2 की पीली, जोन-3 की लाल और जोन-4 की सफेद होगी, जिससे उन्हें आसानी से पहचाना जा सकेगा. सेक्टर का आवंटन फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व के आधार पर किया जाएगा. त्रिपाठी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के पास एक से अधिक ई-रिक्शा हैं तो उन्हें अलग-अलग जोन आवंटित किया जाएगा, ताकि किसी एक क्षेत्र में ई-रिक्शा का दबाव न बढ़े.

उन्होंने बताया कि सभी ई-रिक्शा चालकों को निर्धारित प्रोफार्मा के माध्यम से आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीयन कराना होगा. पुलिस ने शहर में संचालित सभी ई-रिक्शा का पंजीयन आगामी 10 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए हैं. जोन-1 और जोन-4 के ई-रिक्शा का पंजीयन ट्रैफिक थाना पश्चिम (महू नाका) में, जबकि जोन-2 और जोन-3 के ई-रिक्शा का पंजीयन ट्रैफिक थाना पूर्व (एमटीएच कंपाउंड) में किया जाएगा. इसके लिए पुलिस विभाग की ओर से प्रत्येक स्थान पर अधिकारी-कर्मचारी भी नियुक्त किए जाएंगे.

# सोशल मीडिया पर करता था हथियारों की डील

- 6 पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले एक शातिर बदमाश को द्वारकापुरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए ग्राहकों से संपर्क कर अवैध हथियारों की डील करता था. पुलिस ने उसके कब्जे से 6 देशी पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 3 लाख रुपए बताई जा रही है. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है.

थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि पुलिस उपायुक्त जोन-4 आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दिशेष अग्रवाल तथा सहायक पुलिस आयुक्त अन्नपूर्णा शिवेन्दु जोशी के मार्गदर्शन में द्वारकापुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई की. पुलिस टीम सोमवार को सूर्यदेव नगर क्षेत्र में चेकिंग पॉइंट लगाकर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच कर रही थी. इसी दौरान एक युवक पैदल आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर घबरा गया. संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की और उसके बैग की तलाशी ली. तलाशी के दौरान बैग से 6 अवैध देशी पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस बरामद हुए. पुलिस ने मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है.

**पूरे प्रदेश में फैला रखा है हथियार सप्लाई नेटवर्क**

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह टेलीग्राम और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से ग्राहकों से संपर्क करता था. चैट के जरिए डील तय कर वह अवैध हथियारों की सप्लाई करता था. आरोपी ने इस अवैध कारोबार के लिए प्रदेशभर में अपना नेटवर्क तैयार कर रखा था, जिसकी जानकारी जुटाई जा रही है. गिरफ्तार आरोपी का नाम राजवीर सिंह सिकलीकर उम्र 21 साल निवासी ग्राम ओझर, जिला बड़वानी है. उससे अवैध हथियारों के स्रोत और नेटवर्क के संबंध में पूछताछ जारी है.

## धारदार हथियार लेकर घूम रहे तीन युवक पकड़ाए

**इंदौर. शहर में अवैध हथियारों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के चलते अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने तीन युवकों को धारदार हथियारों के साथ पकड़ा है. एमआईजी थाना क्षेत्र में एलआईजी कॉलोनी मेन रोड स्थित एलआईजी कंपाउंड के पास पुलिस ने विकास पिपल्दे उम्र 25 साल निवासी स्कीम नंबर 134 को पकड़ा.**

तलाशी लेने पर उसके कब्जे से लोहे का तेज धार वाला खटकेदार चाकू बरामद हुआ. वहीं कनाड़िया थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए आरोपियों से गुप्ती और चाकू जब्त किए. पुलिस ने के-02 ढाबा के पास बिचौली मर्दाना क्षेत्र से अभिषेक कनारे उम्र 18 साल निवासी रविदास नगर फिनिक्स टाउनशिप लसूड़िया को पकड़ा, जिसके पास से स्टील की गुप्ती बरामद हुई. गुप्ती के फल पर अंग्रेजी में बैटन (एक्स) स्वॉर्ड लिखा हुआ है और उसे कवर से निकालने के लिए बटन लगा हुआ है. इसी क्षेत्र में स्नेहजीव गार्डन के आगे भेरूबाबा मंदिर के पास पुलिस ने एक 17 वर्षीय नाबालिग को पकड़ा. तलाशी में उसके पास से लोहे का तेज धार वाला चाकू बरामद किया. पुलिस ने तीनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## थाने के पीछे खड़ी कार को पेट्रोल डालकर फूंका

- सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**इंदौर.** विजय नगर थाना क्षेत्र में देर रात एक अज्ञात युवक ने थाने के पीछे वाली गली में खड़ी कार को पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. पूरी वारदात पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

बॉम्बे हॉस्पिटल के पास पान की दुकान संचालित करने वाले कपिल ने बताया कि उनकी कार गली में खड़ी थी. रात करीब 2.45 बजे एक युवक बाइक से वहां पहुंचा. उसने कुछ दूरी पर बाइक खड़ी की और कार पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी, इसके बाद मौके से फरार हो गया. आसपास के लोगों ने कार से लपटें उठती देखी तो घटना का पता चला. रहवासियों के अनुसार आग लगने की सूचना पुलिस को दी गई थी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची. वहीं विजय नगर पुलिस का कहना है कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है. हालांकि सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद मामले की जांच की बात कही जा रही है.

**एक नजर में**

## अभा ग्राहक पंचायत मालवा प्रांत का अभ्यास वर्ग संपन्न

**इंदौर.** अभा ग्राहक पंचायत, मालवा प्रांत का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग सुदर्शन कार्यालय में संपन्न हुआ. इसमें इंदौर संभाग के सभी आठ जिलों के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम में प्रांत के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, विधि (कानून), प्रचार-प्रसार एवं रोजगार सृजन जैसे महत्वपूर्ण आयामों पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया. सभी जिला पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की रिपोर्ट प्रस्तुत की. सत्र के दौरान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित आरएसएस मालवा प्रांत के संपर्क प्रमुख विनय पिंगले ने संघ की विभिन्न गतिविधियों और समाज निर्माण में किए जा रहे कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला. वरिष्ठ पदाधिकारियों मुकेश कौशल, योगेश त्रिवेदी, पं. डीजी मिश्र ने विभिन्न विषयों पर विस्तार से अवगत कराया तथा विभिन्न आयामों के प्रमुखों ने भी अपने-अपने विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों और संगठन के विस्तार हेतु कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. इस अवसर पर प्रांत अध्यक्ष देवेंद्र दुबगे, प्रांत सचिव बहादुर सिंह राजपूत, प्रांत कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिसोदिया, प्रांत कार्यकारणी सदस्य निलेश कौशल, प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ. दिलीप कुमार मांदलिया, महू जिला उपाध्यक्ष विजय भाभर, सचिव धर्मेन्द्र कलमें, नगर अध्यक्ष शरद तिवारी, मार्गदर्शन केंद्र प्रभारी अर्जुन सिंह चौहान, शैलेन्द्र सिंह पटेल सहित विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## दाऊदी बोहरा समाज द्वारा 19 मार्च को मनाई जाएगी ईद

**महू.** दाऊदी बोहरा समाज के रमजान 17 फरवरी मंगलवार से शुरू हुए थे. विश्व दाऊदी बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु दाई ए मुतलक सैयदना आली कदर मुफद्दल सैफुद्दीन (तउस) के प्रतिनिधि रमजान की सेवाओं के लिए मानपुर में नमाज व धार्मिक कार्यो के लिए मुम्बई मरोल जामिआ से मुल्ला इदरीस लाहिरी का आगमन हुआ था. 17 फरवरी से ही रमजान माह में समाज का भोजन भी सामूहिक रूप से नगर के समाजजनों के तत्वावधान में बुरहानी जमातखाना भोजनशाला में चल रहा है, जो 18 मार्च तक चलेगा. साथ ही 17 फरवरी से रोजाना नमाज के साथ कुरआन की तिलावत भी हो रही है. 17 जरवरी से ही रोजाना धार्मिक व सामाजिक प्रवचन भी मुल्ला इदरीस लाहिरी के मुखारबिंद से दिए जा रहे हैं. समाजजनों को नेक कार्य करने की हिदायत दी जा रही है. इमाम हुसैन की शहादत व उनके साथ करबला में शहीद हुए 72 शोहदाए किराम पर हर नमाज में मातम भी किया जा रहा है. मातम के मर्सिये कौसर देपालपुर वाला अपनी ओजस्वी वाणी में पढ़ रहे हैं. मानपुर के युवक मोहम्मद मुरतुजा जमाली जो हाजिज ए कुरान हो चुके, ओजस्वी वाणी में रमजान माह में प्रतिदिन तिलावत ए कुरआन का पाठ कर रहे हैं. प्रतिदिन हर नमाज में सैय्यदना मुफद्दल सैफुद्दीन आका मौला (तउस) के दीर्घायु होने की सामूहिक रूप से प्रार्थना की जा रही है. विश्व बोहरा समुदाय के धर्मगुरु मुफद्दल मौला का मिसरी सन के जन्मदिन पर केक काटकर व आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया गया. 19 मार्च गुरुवार को ईद उल फितर मीठी ईद का पर्व मनाया जाएगा.

## चंदननगर में सटोरिया पकड़ाया, पर्ची और नकदी जब्त

**इंदौर.** चंदननगर क्षेत्र में पुलिस ने सट्टा खेलते हुए एक आरोपी को धर दबोचा. आरोपी के कब्जे से सट्टा पर्ची और नकदी जब्त की गई है. थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि ग्रीन पार्क कालोनी निवासी 43 वर्षीय शब्बीर शेख को रात करीब 8.50 बजे चंदननगर चौराहे से पकड़ा. तलाशी में उसके पास से तीन सट्टा पर्चियां जिन पर विभिन्न अंक लिखे हुए थे और 450 रुपए नकद बरामद हुए. पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ सट्टा एक्ट की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# वीजा खत्म होने के बाद भी रह रहा नाइजीरियाई युवक डिपोर्ट

- पिता नाइजीरिया में पुलिस कमिश्नर
- पिता ने बोको हराम के खतरे से बचाने भेजा था भारत

**बोको हराम आंदोलन में जान का खतरा होने के डर से अपना देश छोड़ा**

पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद उसे थाने में अलग सेल में रखा और विदेशी नागरिकों की जानकारी रखने वाली यूनिट को सूचना दी. इसके बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर उसका टिकट कराया और 1 मार्च को उसे नाइजीरिया रवाना कर दिया. डीसीपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी की पारिवारिक जानकारी भी जुटाई. जिसमें पता चला कि उसके पिता डॉन चार्ल्स नाइजीरिया के कोर्ट होसकोरच शहर में पुलिस कमिश्नर हैं. पुलिस से बातचीत में डॉन चार्ल्स ने बताया कि बोको हराम आतंकी संगठन से खतरे के चलते उन्होंने अपने बच्चों को अलग-अलग देशों में भेज दिया था. डॉन पेड्रो भारत में रह रहा था, जबकि उसके अन्य भाई पुर्तगाल, यूके सहित अन्य देशों में रहते हैं.

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** हीरानगर पुलिस ने वीजा अवधि समाप्त होने के बावजूद शहर में रह रहे नाइजीरिया निवासी युवक को पकड़कर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे उसके देश डिपोर्ट कर दिया. आरोपी को 17 फरवरी 2026 को सनसिटी क्षेत्र से पकड़ा था, जिसके बाद विदेशी नागरिकों से संबंधित औपचारिकताएं पूरी कर 1 मार्च को उसे नाइजीरिया भेज दिया.

पुलिस द्वारा 16 मार्च को दी गई जानकारी के मुताबिक, डॉन पेड्रो चार्लिस कई साल पहले इंदौर आया था. वर्ष 2023 में उसका वीजा समाप्त हो चुका था, लेकिन इसके बाद भी वह शहर में ही रह रहा था. इसकी जानकारी उसने संबंधित विभागों को नहीं दी थी. सूचना मिलने पर हीरानगर पुलिस ने उसे सनसिटी क्षेत्र से गिरफ्तार किया था. जांच में सामने आया कि डॉन पेड्रो शहर की एक बीपीओ कंपनी में काम कर रहा था. पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि बेंगलुरु के एक व्यक्ति ने वीजा बढ़ाने के नाम पर उससे पैसे लिए थे और ऑनलाइन पीडीएफ दस्तावेज भेजा था, लेकिन जांच में वह दस्तावेज फर्जी निकला. इस कारण वीजा की अवधि नहीं बढ़ सकी.

# एपीके फाइल से मोबाइल हैक कर 4.22 लाख उड़ाए

- एक अन्य युवक के क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 428 रु. की ठगी

**इंदौर.** शहर में साइबर ठगी के दो और मामले सामने आए हैं. बदमाशों ने अलग-अलग दो लोगों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए की चपत लगा दी. दोनों मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

मल्हारगंज थाना प्रभारी वेदेन्द्र सिंह कुशवाह ने बताया कि क्षेत्र के लक्ष्मीपुरी कॉलोनी में रहने वाले ओमकार उर्फ पिंटू तिवारी के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है. फरियादी के अनुसार अज्ञात व्यक्ति ने व्हाट्सएप नंबर से आरटीओ चालान के नाम से एक एपीके फाइल भेजी थी. फाइल डाउनलोड करते ही मोबाइल हैक हो गया और ठगों ने उनके एचडीएफसी बैंक खाते से 4 लाख 22 हजार 500 रुपए दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिए. इसी तरह के एक अन्य मामले में विजयनगर थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि क्षेत्र में स्कीम नंबर 54 निवासी मनोज पाल के क्रेडिट कार्ड से अज्ञात बदमाश ने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर 1 लाख 428 रुपए निकाल लिए. दोनों मामलों में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# पुलिस से बचने की कोशिश में पलटी तेज रफ्तार कार

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र के सत्यसांई चौराहा चेकिंग पॉइंट पर रविवार की रात पुलिस चेकिंग देख एक तेज रफ्तार कार चालक ने अचानक यू-टर्न लेने की कोशिश की, इसमें कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई. हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों की भीड़ लग गई.

बताया जा रहा है कि चेकिंग पॉइंट पर पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी. इसी दौरान तेज गति से आ रही कार को रोकने के लिए इशारा किया. पुलिस को देखते ही चालक घबरा गया और अचानक वाहन मोड़ने लगा. तेज रफ्तार के कारण कार संतुलन खो बैठी और पलट गई. घटना के बाद पुलिसकर्मियों ने तुरंत कार सवारों को बाहर निकाला. कार में सवार युवक सामान्य हालत में नहीं थे. हादसे में उन्हें मामूली चोटें आई हैं. पुलिस सभी को पूछताछ के लिए थाने ले गई. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि चालक ने पुलिस चेकिंग देखकर अचानक वाहन क्यों मोड़ा.

# किन्नर प्रकरण में फरार 20 हजार का इनामी अक्षय कुमायूं धराया

- मानपुर के जंगलों में रिश्तेदार के यहां छिपकर काट रहा था फरारी
- सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर धर-दबोचा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** किन्नर समुदाय से जुड़े चर्चित प्रकरण में फरार चल रहे 20 हजार रुपए के इनामी आरोपी अक्षय कुमायूं को पंढरीनाथ पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया. आरोपी घटना के बाद से फरार था और मानपुर क्षेत्र में अपने रिश्तेदार के यहां छिपकर रह रहा था. पुलिस टीम ने मानपुर के जंगलों में घेराबंदी कर उसे दबोच लिया.

थाना प्रभारी सतीश पटेल ने बताया कि 14 अक्टूबर 2025 को नंदलालपुरा में रहने वाले अल्फिया उर्फ आलिया (किन्नर) की शिकायत पर पंढरीनाथ थाने में बीएनएस की विभिन्न धाराओं व ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों का संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था. इसके बाद 16 अक्टूबर 2025 को किन्नर महामंडलेश्वर सोना मंगला गोरी नंदगिरी ने सूचना दी थी कि नंदलालपुरा क्षेत्र में 24 किन्नरों ने सामूहिक रूप से एसिड पी लिया, जिनका इलाज एमवाय अस्पताल में चल रहा है. इस मामले में पुलिस ने अलग से प्रकरण दर्ज कर सपना हाजी उर्फ आनंद नंदगिरी, राजा हाशमी, पंकज जैन और अक्षय कुमायूं को आरोपी बनाया था. मामले में सपना हाजी, राजा हाशमी और पंकज जैन को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि अक्षय कुमायूं घटना के बाद से फरार था. उसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था.

पुलिस आयुक्त के निर्देश पर डीसीपी जोन-4 आनंद कलादगी, अतिरिक्त डीसीपी दिशेष अग्रवाल और एसीपी सराफा विजय तिवारी के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश की जा रही थी. तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर टीम को आरोपी के मानपुर क्षेत्र में छिपे होने की जानकारी मिली. इसके बाद मानपुर पुलिस के सहयोग से जंगल क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया. गिरफ्तार आरोपी अक्षय कुमायूं निवासी स्कीम नंबर 140 पिपलियाहाना के खिलाफ पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है.

**एक नजर में** जो सक्षम हैं, वे खरीदकर और जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं वे दूर-दराज से पानी लाकर कर रहे गुजारा

# गर्मी की शुरूआत होते ही राहुल गांधी नगर में जल संकट और बढ़ा

**इंदौर.** शहर के कई क्षेत्रों में जल संकट और दूषित पानी की समस्या अत्यंत गंभीर रूप ले चुकी है. नगर निगम के दावों के विपरीत, जमीनी हकीकत यह है कि कई क्षेत्रों में लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं. कई वार्डों में रहवासी दूषित पानी से परेशान हैं, तो कहीं लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है. अब गर्मी की शुरुआत के साथ संकट और बढ़ गया है.

अन्य क्षेत्रों की तरह देवास नाका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 35 में एक बार फिर पानी की किल्लत सामने आई है. यहां स्थित राहुल गांधी नगर में अधिकांश मजदूर और निम्न वर्ग के परिवार रहते हैं. यहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है. क्षेत्र में कहीं पानी आता है तो बेहद कम मात्रा में आता है और कहीं बिल्कुल नहीं आता. इससे लोगों की जरूरत पूरी नहीं हो पा रही है. स्थिति यह है कि रहवासियों को पानी खरीदकर गुजारा करना पड़ रहा है. क्षेत्र में लोग 30 रुपए प्रति कोठी और 10 रुपए प्रति छोटी कैन के हिसाब से पानी खरीदने को मजबूर हैं. जो पानी खरीद नहीं सकते वे दूर-दराज से पानी लाकर गुजारा करने को मजबूर हैं. रहवासियों के अनुसार क्षेत्र में पानी की समस्या सालभर बनी रहती है. हाल ही में गर्मी की शुरुआत के साथ संकट और बढ़ गया है. पिछले डेढ़ महीने से इलाके का बोरिंग भी खराब पड़ा है. इसकी मरम्मत और पानी की व्यवस्था के लिए कई बार लोगों ने शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई.

**जहां पानी नहीं पहुंच रहा, वे पाइंट चेक करवाऊंगा**

मेरे वार्ड में 25 प्रतिशत नर्मदा लाइन है, बाकी 75 प्रतिशत टैंकरों पर निर्भर रहते हैं, बोरिंग भी अभी से बैठ गए हैं. जहां पानी नहीं पहुंच रहा, वहां पॉइंट चेक करवाऊंगा.

– राकेश सोलंकी, पार्षद

**यह बोले रहवासी...**

दो-तीन गली छोड़कर पानी लेने जाना पड़ता है या लोग पैसे मिलाकर टैंकर बुला लेते हैं. कोई 30 तो कोई 10 रुपए देकर पानी खरीदता है, तब भी पानी की पूर्ति नहीं हो पाती.

– प्रेम बाई

नलों में पानी नहीं आता, यहां का बोरिंग भी डेढ़ महीने से खराब पड़ा है. रोज पैसा देकर पानी की कैन भरवानी पड़ती है. गरीब आदमी कब तक पानी खरीद सकता है. अब तो गर्मी भी शुरू हो गई. यदि शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया तो आगे और बुरे हालात हो जाएंगे.

– लक्ष्मी बाई

क्षेत्र में चार साल पहले नर्मदा लाइन डाली गई थी, जिससे गंदा पानी आता था, लेकिन अब तो नलों से पानी आना ही बंद हो चुका है. कई बार शिकायत की गई, लेकिन निगम के अधिकारी-कर्मचारी समस्या पर कोई ध्यान नहीं देते.

– लीलाधर